Seat No. : _______________

# MB-201(H)

**May-2025**

**B.Com., Sem.-II**

**CE-102 : Financial Accounting - 2**

**Time : 2:30 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**(Hindi Version)**

**निर्देश :** जहाँ आवश्यक हो वहाँ उत्तर के भाग के रूप में गणनाओं को दर्शाइए ।

1. (A) निम्न व्यवहारों के लिए जर्नल प्रविष्टियाँ लिखिए : **7**

(1) ओम लि. की शेयर पूँजी में ₹ 100 प्रत्येक के 50,000 इक्विटी शेयर शामिल हैं । कंपनी द्वारा अपने ₹ 10 प्रत्येक के 6 इक्विटी शेयरों और ₹ 5 प्रत्येक के 8 क्यू. प्रिफरेन्स शेयरों को उपविभाजित करने का प्रस्ताव पारित किया ।

(2) हरिओम लि. ने ₹ 10 प्रत्येक के हर 6,000 इक्विटी शेयरों के लिए ₹ 57,000 का इक्विटी स्टॉक जारी किया ।

(3) श्री हरिओम लि. ने ₹ 9,600 के इक्विटी स्टॉक के लिए ₹ 100 प्रत्येक के 100 इक्विटी शेयर जारी किए ।

(B) 31-3-2023 को गणेश लि. के कच्चे चिट्ठे से प्राप्त सूचनाएँ निम्न हैं : **7**

| **विवरण** | **₹** |
|---|---|
| ₹ 100 प्रत्येक के 5,000 इक्विटी शेयर | 5,00,000 |
| ₹ 75 प्रदत्त, ₹ 100 प्रत्येक के 2,500 रिडिमेबल प्रिफरेन्स शेयर | 1,87,500 |
| सामान्य रिजर्व | 1,50,000 |
| सिक्योरिटी प्रीमियम | 62,500 |
| बैंक बैलेंस | 5,00,000 |

कंपनी कानूनी प्रावधानों को पूरा करने के पश्चात् 5% प्रीमियम पर प्रिफरेन्स शेयरों को विमोचित करने का निर्णय लेती है । विमोचित पूँजी और नए शेयरों के जारी होने की आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ लिखिए ।

**अथवा**

1. 31 मार्च, 2023 को जल्पा लि. की संक्षिप्त बैलेन्स शीट निम्न है : **14**

| विवरण | राशि (₹) |
|---|---|
| **I. इक्विटी एवं दायित्व :** | |
| **(1) शेयरधारकों का कोष :** | |
| (a) शेयर पूँजी : | |
| पूर्ण प्रदत्त ₹ 100 प्रत्येक के 16,500 इक्विटी शेयर | 16,50,000 |
| पूर्ण प्रदत्त ₹ 100 प्रत्येक के 4,125 प्रिफरेन्स शेयर | 4,12,500 |
| ₹ 80 पूर्ण प्रदत्त ₹ 100 प्रत्येक के 8,250 प्रिफरेन्स शेयर | 6,60,000 |
| (b) रिजर्व एवं अतिरेक : | |
| सामान्य रिजर्व | 16,50,000 |
| सिक्योरिटी प्रीमियम | 1,23,750 |
| **(2) चालू दायित्व :** | |
| व्यापारिक देय : लेनदार | 4,12,500 |
| **कुल** | **49,08,750** |
| **II. परिसम्पत्तियाँ :** | |
| **(1) गैर–चालू परिसम्पत्तियाँ :** | |
| (a) स्थिर परिसम्पत्तियाँ | 36,71,250 |
| (b) गैर–चालू निवेश | 4,12,500 |
| **(2) चालू परिसम्पत्तियाँ :** | |
| (a) मालसामान : अंतिम स्टॉक | 4,12,500 |
| (b) रोकड़ एवं रोकड़ समकक्ष : बैंक शेष | 4,12,500 |
| **कुल** | **49,08,750** |

1 अप्रैल को कंपनी ने निर्णय लिया –

(1) कंपनी अधिनियम के आवश्यक प्रावधानों के अनुपालन के पश्चात् दोनों प्रिफरेन्स शेयरों को 4% प्रीमियम पर विमोचित करने का निर्णय लिया ।

(2) इसके लिए ₹ 4,53,750 के निवेश को बेचा गया ।

(3) इसके पश्चात् कंपनी ने ₹ 74,250 का बैंक शेष बनाए रखने के लिए ₹ 100 प्रत्येक के आवश्यक संख्या में प्रिफरेन्स शेयर मूल कीमत पर जारी किए ।

(4) कंपनी ने दो शेयर रखने के बदले पूर्ण प्रदत्त नए इक्विटी शेयर बोनस के रूप में पूँजी विमोचन रिजर्व से जारी किए ।

कंपनी की खाता–बही में उपरोक्त व्यवहारों के लिए जर्नल प्रविष्टियाँ लिखिए एवं प्रिफरेन्स शेयरों के विमोचन के पश्चात् नई बैलेन्स शीट तैयार कीजिए ।

2. (A) सोहिनी लि. ₹ 10 प्रत्येक के मूल कीमत पर 25,000 शेयर जारी कर रही है जिसके लिए उसने A और B के साथ 3 : 2 के अनुपात में इन शेयरों के अन्डरराइटिंग के लिए समझौता किया । निशानी वाले आवेदन सहित 15,000 शेयरों के लिए जनता से आवेदन प्राप्त हुए जिसमें A के 10,000 शेयर और B के 2,500 शेयर और बाकी 2,500 शेयर आवेदन कंपनी द्वारा सीधे प्राप्त हुए । दोनों अन्डरराइटर्स का दायित्व निर्धारित कीजिए । **7**

(B) स्टॉक एक्सचेंज और बुक-बिल्डिंग प्रक्रिया द्वारा खुले बाजार से पुन:खरीदी समझाइए । **7**

**अथवा**

2. JC लि. ने 50% के प्रीमियम पर ₹ 10 प्रत्येक के 1,50,00,000 इक्विटी शेयर जारी किए । संपूर्ण जारी किए गए शेयर अन्डरराइटर्स द्वारा निम्न प्रकार से अन्डरराइट किए गए : **14**

| | | | |
|---|---|---|---|
| GS: | 30% | NS: | 30% |
| KS: | 20% | PS: | 20% |

अन्डरराइटरों ने "निश्चित" अन्डरराइटिंग के लिए निम्न प्रकार से आवेदन किया :

| | | | |
|---|---|---|---|
| GS: | 4,50,000 शेयर | NS: | 3,00,000 शेयर |
| KS: | 6,00,000 शेयर | PS: | 1,50,000 शेयर |

"निश्चित" अन्डरराइटिंग छोड़कर परन्तु चिह्नित आवेदन शामिल कर कुल आवेदन 1,20,00,000 इक्विटी शेयर हैं । चिह्नित आवेदन निम्न हैं :

| | | | |
|---|---|---|---|
| GS: | 21,00,000 शेयर | NS: | 38,50,000 शेयर |
| KS: | 18,00,000 शेयर | PS: | 12,50,000 शेयर |

अन्डरराइटरों को निश्चित अन्डरराइटिंग के लिए कोई क्रेडिट नहीं दिया गया । वे 5% कमीशन के लिए हकदार हैं ।

प्रत्येक अन्डरराइटर का दायित्व दर्शाते हुए प्रपत्र तैयार कीजिए एवं प्रत्येक अन्डरराइटर के कमीशन की राशि की गणना कीजिए ।

3. 31-03-2023 को राम लि. की बैलेन्स शीट निम्न है : **14**

| विवरण | राशि (₹) |
|---|---|
| **I. इक्विटी एवं दायित्व :** | |
| **(1) शेयरधारकों का कोष :** | |
| (a) शेयर पूँजी : | |
| पूर्ण प्रदत्त ₹ 10 प्रत्येक के इक्विटी शेयर | 16,00,000 |
| पूर्ण प्रदत्त ₹ 100 प्रत्येक के 8% क्यू. प्रिफरेन्स शेयर | 12,00,000 |
| (b) रिजर्व एवं अतिरेक : | |
| कामगारों का दुर्घटना क्षतिपूर्ति कोष | 4,00,000 |
| लाभ एवं हानि खाता (उधार) | (8,00,000) |
| **(2) गैर-चालू दायित्व :** | |
| दीर्घकालीन ऋण : 10% डिबेन्चर | 8,00,000 |
| **(3) चालू दायित्व :** | |
| (a) व्यापारिक देय : लेनदार | 3,20,000 |
| (b) अन्य चालू दायित्व : बाकी डिबेन्चर ब्याज | 80,000 |
| **कुल** | **36,00,000** |

| | | |
|---|---|---|
| **II. परिस्पत्तियाँ :** | | |
| **(1) गैर–चालू परिसम्पत्तियाँ :** | | |
| (a) स्थिर परिसम्पत्तियाँ | | |
| (i) दृश्य परिसम्पत्तियाँ : | | |
| भूमि एवं भवन | | 9,60,000 |
| मशीनरी | | 6,40,000 |
| (ii) अदृश्य परिसम्पत्तियाँ : | | |
| साख | | 4,00,000 |
| पेटेन्ट | | 3,20,000 |
| (b) अन्य गैर–चालू परिसम्पत्तियाँ : | | |
| आरंभिक व्यय | | 4,80,000 |
| **(2) चालू परिसम्पत्तियाँ :** | | |
| (a) मालसामान : अंतिम स्टॉक | | 4,00,000 |
| (b) व्यापारिक प्राप्य : देनदार | 3,44,000 | |
| घटा : डूबत ऋण | 24,000 | 3,20,000 |
| (c) रोकड एवं रोकड़ समकक्ष : रोकड शेष | | 80,000 |
| **कुल** | | **36,00,000** |

ट्रिब्युनल द्वारा अनुमोदित पूँजी घटाव योजना निम्न है :

(1) इक्विटी शेयरों को ₹ 2 प्रत्येक और प्रिफरेन्स शेयर को ₹ 80 प्रत्येक घटाया जाएगा ।

(2) प्रिफरेन्स शेयरधारक इस पर सहमत हैं कि पिछले दो साल से बकाया प्रिफरेन्स डिविडेण्ड की सम्पूर्ण राशि को माफ कर दिया जाए ।

(3) डिबेन्चरधारक इस पर सहमत है कि डिबेन्चरों पर बाकी ब्याज को माफ कर दिया जाए और मशीनरी जिसकी किताबी कीमत ₹ 3,20,000 को उनके धारण के आंशिक भुगतान के रूप में ₹ 2,40,000 के मूल्य पर अधिगृहित कर लिया जाए ।

(4) सभी अदृश्य एवं अवास्तविक परिसम्पत्तियों को अपलिखित किया जाता हैं । देनदारों को ₹ 48,000 और स्टॉक को ₹ 3,20,000 से घटाना है ।

(5) कंपनी ने कामगार दुर्घटना क्षतिपूर्ति का एक ₹ 80,000 का दावा स्वीकार कर लिया है ।

(6) भूमि एवं भवन को बाजार मूल्य पर दर्शाया जाए । भूमि एवं भवन का किताबी मूल्य बाजार मूल्य से 25% कम है ।

उपरोक्त स्कीम को लागू करने के लिए आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ दर्ज कीजिए एवं पूँजी घटाव के बाद बैलेन्स शीट तैयार कीजिए ।

**अथवा**

3. सियाराम लि. की 31/3/2023 की बैलेन्स शीट निम्न शेष दर्शा रही है : **14**

| विवरण | राशि (₹) |
|---|---|
| **I. इक्विटी एवं दायित्व :** | |
| **(1) शेयरधारकों का कोष :** | |
| (a) शेयर पूँजी : | |
| पूर्ण प्रदत्त ₹ 10 प्रत्येक के 2,50,000 इक्विटी शेयर | 25,00,000 |
| पूर्ण प्रदत्त ₹ 10 प्रत्येक के 1,25,000, 6% प्रिफरेन्स शेयर | 12,50,000 |
| (b) रिजर्व एवं अतिरेक : | |
| लाभ एवं हानि खाता (उधार) | (7,50,000) |
| **(2) गैर–चालू दायित्व :** | |
| दीर्घकालीन दायित्व : डिबेन्चर | 5,00,000 |
| **(3) चालू दायित्व :** | |
| (a) व्यापारिक देय : लेनदार | 2,50,000 |
| (b) अन्य चालू दायित्व : बाकी डिबेन्चर ब्याज | 50,000 |
| **कुल** | **38,00,000** |
| **II. परिसम्पत्तियाँ :** | |
| **(1) गैर–चालू परिसम्पत्तियाँ :** | |
| (a) स्थिर परिसम्पत्तियाँ : | |
| (i) दृश्य परिसम्पत्तियाँ : | |
| भूमि एवं भवन | 10,00,000 |
| मशीनरी | 10,00,000 |
| फर्नीचर | 1,00,000 |
| (ii) अदृश्य परिसम्पत्तियाँ : | |
| साख | 2,25,000 |
| पेटेंट | 5,00,000 |
| (b) अन्य गैर–चालू परिसम्पत्तियाँ : | |
| प्राथमिक खर्च | 32,500 |
| **(2) चालू परिसम्पत्तियाँ :** | |
| (a) मालसामान : अंतिम स्टॉक | 6,25,000 |
| (b) व्यापारिक प्राप्य : देनदार | 2,50,000 |
| (c) रोकड़ एवं रोकड़ समकक्ष : बैंक शेष | 67,500 |
| **कुल** | **38,00,000** |

ट्रिब्युनल द्वारा अनुमोदित पूँजी घटाव स्कीम निम्न है :

(1) इक्विटी शेयरों को ₹ 6 प्रत्येक एवं प्रिफरेन्स शेयरों को ₹ 6 प्रत्येक से घटाया जाएगा ।

(2) प्रिफरेन्स शेयरधारक इस पर सहमत हैं कि दो वर्ष से बाकी प्रिफरेन्स डिविडेण्ड को माफ कर दिया जाए एवं इसके बदले उन्हें ₹ 62,500 का भुगतान किया जाना है ।

(3) डिबेन्चर धारक इस बात पर सहमत हैं कि उनका बाकी ब्याज माफ कर दिया जाए ।

(4) सभी अदृश्य और अवास्तविक परिसम्पत्तियाँ सिवाय पेटेंट के हिसाब से अपलिखित की जानी हैं ।

(5) भूमि एवं भवन को ₹ 2,50,000; मशीनरी को ₹ 2,50,000; पेटेंट को ₹ 3,75,000; फर्नीचर को ₹ 50,000 एवं देनदारों को 5% से घटाया जाएगा ।

उपरोक्त स्कीम को लागू करने की आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए एवं पूँजी घटाव के बाद की बैलेंस शीट तैयार कीजिए ।

4. KC इंश्योरेन्स कंपनी लि. अग्नि बीमा व्यापार का निम्न डेटा प्रस्तुत करती है : **14**

| विवरण | 31-3-2022 (₹) | 31-3-2023 (₹) |
|---|---|---|
| प्रत्यक्ष व्यापार पर प्रीमियम | 56,70,000 | 60,90,000 |
| स्वीकृत पुन:बीमा पर प्रीमियम | 5,88,000 | 11,76,000 |
| सौंपे गए पुन:बीमा पर प्रीमियम | 17,64,000 | 23,10,000 |
| दावा भुगतान | 10,50,000 | 16,80,000 |
| स्वीकृत पुन:बीमा पर दावा भुगतान | 21,000 | 27,300 |
| प्रत्यक्ष व्यापार पर कमीशन | 2,94,000 | 3,57,000 |
| स्वीकृत पुन:बीमा पर कमीशन | 84,000 | 1,34,400 |
| सौंपे गए पुन:बीमा पर कमीशन | 2,18,400 | 2,43,600 |
| पुन:बीमा वसूली | 1,26,000 | 2,10,000 |
| स्थिर परिसम्पत्तियों पर ह्रास | 1,47,000 | 1,72,200 |
| वेतन | 11,76,000 | 13,44,000 |
| प्रीमियम घटाव में उपयोग किया बोनस | 1,34,400 | – |
| ऑडिट फीस | 42,000 | 42,000 |
| प्रशासनिक खर्च | 1,47,000 | 1,97,400 |
| स्टेशनरी एवं पोस्टेज | 4,28,400 | 5,25,000 |
| डूबत ऋण | 31,500 | 1,89,000 |
| मोटर–कार बेचने पर हानि | – | 33,600 |

**अतिरिक्त सूचनाएँ :**

(1) 31-3-2021, 31-3-2022 एवं 31-3-2023 को बाकी दावों के संबंध में कुल रकम क्रमश: ₹ 5,77,500, ₹ 6,40,500 एवं ₹ 7,68,600 हैं ।

(2) 31-3-2021 को बाकी जोखिम का रिजर्व ₹ 16,17,000 एवं ₹ 2,43,600 का अतिरिक्त रिजर्व था ।

(3) बाकी जोखिम रिजर्व को 50% पर एवं अतिरिक्त रिजर्व को शुद्ध प्रीमियम आय के 5% पर प्रदान किया जाना हैं ।

31-3-2022 एवं 31-3-2023 को समाप्त हुए वर्ष के लिए आवश्यक परिशिष्टों सहित कंपनी के अग्नि बीमा विभाग का आय खाता उपरोक्त सूचनाओं के आधार पर तैयार कीजिए ।

**अथवा**

4. DC बीमा कंपनी लि. ने निम्न सूचनाएँ प्रस्तुत की हैं : **14**

| विवरण | अग्नि (₹) | समुद्री (₹) |
|---|---|---|
| प्रत्यक्ष व्यापार पर प्रीमियम | 93,75,000 | 90,62,500 |
| स्वीकृत पुन:बीमा पर प्रीमियम | 2,03,125 | 1,03,125 |
| सौंपे गए पुन:बीमा पर प्रीमियम | 93,750 | 1,25,000 |
| दावा भुगतान | 40,62,500 | 31,25,000 |
| 31-3-22 को अभुक्त दावा | 3,75,000 | 3,12,500 |
| 31-3-23 को अभुक्त दावा | 5,00,000 | 5,62,500 |
| प्रत्यक्ष व्यापार पर कमीशन | 10,43,750 | 15,43,750 |
| स्वीकृत पुन: बीमा पर कमीशन | 3,06,250 | 2,06,250 |
| सौंपे गए पुन:बीमा पर कमीशन | 4,06,250 | 3,12,500 |
| अग्निशमन खर्च | 1,12,500 | – |
| पुन:बीमा वसूली | 84,375 | 53,125 |
| ब्याज एवं डिविडेण्ड | 6,25,000 | 5,18,750 |
| ब्याज एवं डिविडेण्ड पर कर | 31,250 | 18,750 |
| 31-3-2022 को बाकी जोखिम के लिए रिजर्व | 21,87,500 | 51,87,500 |
| 31-3-2022 को बाकी जोखिम के लिए अतिरिक्त रिजर्व | 3,75,000 | 5,31,250 |
| प्रशासनिक खर्च | 6,37,500 | 5,62,500 |

**अतिरिक्त सूचनाएँ :**

(1) बाकी जोखिम पर 50% और अग्नि बीमा एवं समुद्री बीमा व्यापार पर शुद्ध प्राप्त प्रीमियम का 100%, रिजर्व बनाए रखना होगा ।

(2) दोनों विभागों में शुद्ध प्रीमियम का 10% अतिरिक्त रिजर्व बाकी जोखिम के लिए बनाए रखना होगा ।

उपरोक्त सूचनाओं से आवश्यक परिशिष्ट तैयार करते हुए दोनों विभागों का आय खाता बनाइए ।

5. निम्न प्रश्नों में एक से अधिक विकल्प दिए गए हैं । सही उत्तर चुनें : (कोई **सात**) **14**

(1) जब ₹ 45,000 के इक्विटी स्टॉक के बदले ₹ 10 प्रत्येक के 5,000 इक्विटी शेयर जारी किए जाते हैं, तो ₹ 5,000 के अंतर की जर्नल प्रविष्टि है :

(a) स्टॉक छूट खाते में उधार (b) स्टॉक छूट खाते में जमा

(c) शेयर छूट खाते में उधार (d) शेयर छूट खाते में जमा

(2) कंपनी अधिनियम, 2013 की किस धारा के अनुसार विमोचनीय प्रिफरेन्स शेयरों को विमोचित किया जा सकता है ?

(a) अनुच्छेद 55 (b) अनुच्छेद 61 (c) अनुच्छेद 66 (d) अनुच्छेद 68

(3) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 61 के अनुसार शेयर पूँजी में बदलाव का निम्न में से कौन सा एक रूप नहीं है ?

(a) पूँजी घटाव (b) एकत्रीकरण

(c) उप-विभाजन (d) शेयरों का स्टॉक में परिवर्तन

(4) निम्न में से कौन सा डिविडेण्ड वितरण के लिए उपलब्ध लाभ के रूप में नहीं पाया जाता है ?

(a) पूँजी रिजर्व (b) सामान्य रिजर्व

(c) कामगार दुर्घटना क्षतिपूर्ति कोष (d) रिजर्व कोष

(5) बुक बिल्डिंग प्रक्रिया के द्वारा खुला बाजार प्रस्ताव न्यूनतम कितने समय तक खुला रहता है ?

(a) 15 दिन (b) 7 दिन (c) 30 दिन (d) 14 दिन

(6) शेयरों पर अन्डरराइटिंग कमीशन की दर इससे अधिक नहीं होनी चाहिए –

(a) 2.5% (b) 5% (c) 10% (d) 15%

(7) एक कंपनी ने 75,000 इक्विटी शेयर जारी किए । संपूर्ण इश्यु को N द्वारा 50%, K द्वारा 30% एवं S द्वारा 20% अन्डरराइट किया गया । 60,000 शेयरों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । 'N' का दायित्व ज्ञात कीजिए ।

(a) 5,000 शेयर (b) 7,500 शेयर

(c) 15,000 शेयर (d) 30,000 शेयर

(8) पूँजी घटाव खाते का जमा शेष अंतरित किया जाता है –

(a) सामान्य रिजर्व खाता (b) पूँजी रिजर्व खाता

(c) साख खाता (d) लाभ एवं हानि खाता

(9) जब पूँजी घटाव स्कीम के लागू करने में किया गया पुनर्निर्माण खर्च भुगतान किया जाता है, तो इसे किस खाते में जमा किया जाता है ?

(a) पूँजी रिजर्व खाता (b) बैंक खाता

(c) साख खाता (d) लाभ एवं हानि खाता

(10) प्रत्यक्ष व्यापार पर कमीशन ₹ 2,00,000; स्वीकार किए पुन:बीमा पर कमीशन ₹ 10,000, स्वीकृत पुन:बीमा पर कमीशन ₹ 18,000 है । शुद्ध भुगतान किया गया बीमा कमीशन की राशि क्या बनेगी ?

(a) ₹ 2,00,000 (b) ₹ 2,08,000 (c) ₹ 92,000 (d) ₹ 2,18,000

(11) समुद्री बीमा व्यापार के लिए बाकी जोखिम का रिजर्व, शुद्ध प्राप्त प्रीमियम के _______ पर बनाए रखा जाता है ।

(a) 25% (b) 50% (c) 75% (d) 100%

(12) विविध बीमा व्यापार में, बीमा एजेन्ट को अधिकतम कितना कमीशन दिया जा सकता है ?

(a) 50% (b) 25% (c) 20% (d) 15%

---